हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शनिवार 21 फरवरी 2026

11 कोथल खुर्द के युवाओं ने नांगल सिरोही बाईपास पर...



12 यूजीसी के समर्थन में प्रदर्शन करके राष्ट्रपति व...



## चारदीवारी टूटने से आवारा पशुओं की शरण स्थली बना स्टेडियम

# करोड़ों की लागत से निर्मित धौलेड़ा खेल स्टेडियम के उपकरण कंडम, शौचालय व सफाई के प्रबंधों का सालों से हो रहा इंतजार

***स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं होने से खिलाड़ियों को संक्रमित बीमारियां पनपने का बना खतरा***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

युवाओं की खेल प्रतिभा निखारने के मकसद से सरकार ने धौलेड़ा गांव में राजीव गांधी खेल स्टेडियम स्वीकृत किया था। करोड़ों की लागत से 2006 में स्टेडियम का निर्माण भी करवा दिया गया, लेकिन चार से पांच साल तक उपकरण नहीं मिले। ग्रामीणों में आक्रोश पनपने पर विभाग ने उपकरण व विभिन्न ट्रेक के निर्माण करवा दिया, लेकिन अब शौचालय, पेयजल, सफाई व कंडम उपकरणों की समस्या उत्पन्न हो गई। ऐसे में शारीरिक अभ्यास करने वाले युवाओं को स्वास्थ्य लाभ मिलने के साथ बीमारियों की चपेट में आने का खतरा बना हुआ है।

आपको बता दें कि धौलेड़ा के आसपास बेरूंडला, बिगोपुर, इस्लामपुरा समेत एक दर्जन गांव हैं, जहां खेल स्टेडियम उपलब्ध नहीं। युवाओं को सड़कों के किनारे या असुविधाजनक स्थानों पर शारीरिक अभ्यास करना पड़ता था। उनकी सुविधा के लिए सरकार ने ब्लॉक स्तर पर राजीव गांधी खेल स्टेडियम स्थापित करने का निर्णय लिया था। पंचायतों की ओर से जमीन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव मिलने पर विभाग ने स्टेडियम के लिए बजट स्वीकृत कर दिया। धौलेड़ा गांव की पंचायत ने विभाग को छह एकड़ जमीन उपलब्ध कराई थी, जिस पर स्टेडियम का निर्माण करवा दिया। ट्रेक के निर्माण भी करवा दिए गए, लेकिन देखरेख के लिए कर्मचारी नियुक्त नहीं किया। जिस कारण अधिकांश ट्ररेकों की कंडम स्थिति हो गई। सफाई कर्मचारी की नियुक्ति नहीं होने से ग्राउंड में कांग्रेस घास तथा कंटीले पौधे खड़े हो गए थे। हालांकि विभागीय खेल प्रतियोगिताएं इसी स्टेडियम में होती रही हैं। इनके लिए विभाग केवल जरूरत के अनुसार ग्राउंड तैयार कराता था। प्रतियोगिता खत्म होने के बाद ग्राउंड की सफाई नहीं होती, जिस कारण दुबारा गंदगी जमा हो जाती है। खेल स्टेडियम में शौचालय तथा स्वच्छ पेयजल का प्रबंध नहीं ऐसे में खिलाड़ियों को अभ्यास करने में परेशानी रहती है। बॉसकेट बाल व अन्य उपकरण कंडम हो गए, जोकि थोड़ा वजन पड़ते ही टूटने का खतरा है। कंडम उपकरणों पर शारीरिक ग्रोथ के लिए बीम अभ्यास करना संभव नहीं हो पाता।





नांगल चौधरी। धौलेड़ा खेल स्टेडियम। फोटो : हरिभूमि

### स्टेडियम की सुविधाओं पर पांच साल में आठ लाख खर्च

स्पोर्ट्स क्लब धौलेड़ा के इंचार्ज भीमसिंह ने बताया कि स्टेडियम में जो सुविधाएं उपलब्ध हैं, उनमें विभाग का कोई योगदान नहीं। दानदाताओं की मदद से पांच साल में स्टेडियम पर करीब आठ लाख किए गए हैं। ट्रेक, दौड़ ग्राउंड तथा अन्य उपकरणों का प्रबंध दान राशि से संभव हो पाया है। स्टेडियम में शारीरिक अभ्यास की सुविधा मिलने से विभिन्न गांवों के 40 से अधिक युवाओं को पुलिस, सीआरपीएफ, आर्मी व अन्य सुरक्षा बल में नौकरी मिल चुकी है।

### स्पोर्ट्स क्लब धौलेड़ा के प्रयासों से ट्रेकों की हुई रिपेयर

करीब 10 साल तक स्टेडियम में विभागीय सुविधाएं नहीं मिली। इसके बाद धौलेड़ा स्पोर्ट्स क्लब ने सामाजिक मदद से स्टेडियम को विकसित करने का बीड़ा उठाया। ट्रस्ट के इंचार्ज भीमसिंह ने दौड़, कबड्डी, खो खो, वॉलीबॉल, बॉसकेट बॉल का गाउंड तैयार कराया। एक कोच का भी प्रबंध किया गया, जिसे अब विभाग ने टेक ओवर का लिया और खेल नर्सरी स्कीम से वेतन दिया जा रहा है, लेकिन आर्थिक तंगी के चलते स्टेडियम को सभी सुविधाओं से संपन्न करना संभव नहीं हुआ।

## खबर संक्षेप

### गोवंश उपचारशाला में रक्तदान शिविर कल

**मंडी अटेली।** बाबा खेतानाथ गोवंश उपचारशाला सिहमा में गोसेवा सम्मान समारोह एवं 13वां रक्तदान शिविर 22 फरवरी को बाबा निहालचंद सेवादल पटीकरा एवं शिव शक्ति जनसेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि अटेली मार्केट कमेटी के चेयरमैन दिनेश जेलदार होंगे। रक्तदान शिविर सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक लगाया जाएगा। इस कार्यक्रम में गो सेवा समारोह में बाहर से आने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

### श्रीश्याम निशान पद यात्रा कल

**नारनौल।** राधा रानी ग्रुप की ओर से छठी श्रीश्याम निशान पद यात्रा 22 फरवरी को प्रातः आठ बजे चमत्कारी बालाजी मन्दिर से श्रीश्याम मन्दिर जौरासी धाम तक निकाली जाएगी। ग्रुप प्रधान ज्योति सैनी व मनीषा यादव ने बताया कि यात्रा की तैयारी कर ली गई है। निशान यात्रा के जौरासी पहुंचने के पश्चात भण्डारे व सभी पदयात्री को वापस लाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। अतुल सैनी व खेमचन्द शर्मा ने बताया कि मुख्य आकर्षण सूरजगढ़ का श्याम निशान व 1100 ध्वजाओं का समूह होगा।

### बेरोजगारी के खिलाफ प्रदर्शन कल

**नारनौल।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ आर्गेनाइजेशन की ओर से बेरोजगारी के खिलाफ 22 फरवरी को रोहतक के मानसरोवर पार्क में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए एआईडीवाईओं के जिला संयोजक सतीश कुमार ने कहा कि प्रश्न पत्र लीक होना, भर्ती रद्द होना, अदालत में भर्ती को उलझा कर रखना आम बात हो गई है।

## 30 गोशालाओं में लगभग 17,000 गायों व सांडों का भविष्य लटका अधर में

# गोशालाओं को एक साल से नहीं मिल रहा सरकारी पैसा, चारे का संकट छाया

प्रदेश सरकार ने किया है गोशालाओं में रखी गई गायों के भरण-पोषण के लिए अनुदान का प्रावधान

राजकुमार ▶▶ नारनौल

हरियाणा में एक तरफ सरकार 'बेसहारा गोवंश मुक्त' प्रदेश का दावा कर रही है, तो दूसरी तरफ हकीकत यह है कि महेंद्रगढ़ जिले की गोशालाओं को सरकार से मिलने वाला चारा अनुदान पिछले एक साल से नहीं मिला है। गत एक अप्रैल से सरकारी पैसा जारी नहीं होने के कारण, जिले की करीब 30 गोशालाओं में लगभग 17,000 गायों और सांडों का भविष्य अधर में लटक गया है।

गौर हो कि प्रदेश सरकार द्वारा गोशालाओं में रखी गई गायों के भरण-पोषण के लिए अनुदान का प्रावधान है। इसमें बछड़ा-बछड़ी के लिए 10 रुपये, गाय के लिए 20 रुपये एवं नंदी (सांड) के लिए 25 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से देने का नियम है, लेकिन एक अप्रैल से अब तक यह राशि नहीं आई है, जिससे गोशाला संचालकों को भारी परेशानी हो रही है। इससे जिले की गोशालाओं की हालत खासी खराब हो गई है। उल्लेखनीय है कि महेंद्रगढ़ जिले में करीब 30 गोशालाएं संचालित हो रही हैं, जिनमें लगभग 17,000 गायें, सांड और बछड़े रखे गए हैं। यह पशुचारा अनुदान न मिलने की स्थिति में किसी भी गोशाला के लिए इन्हें चलाना मुश्किल हो गया है। यह अनुदान नहीं मिलने से गोशालाओं के संचालक परेशान नजर आते हैं। उनका कहना है कि सरकार द्वारा मिलने वाला यह अनुदान उनके लिए जीवनरेखा की तरह है। चारे और अन्य जरूरी सामान की खरीद के लिए इसी राशि पर निर्भर रहते थे, लेकिन जब से पैसा बंद हुआ है, तबसे गोशालाओं में रखी गायों को उचित चारा देना भी मुश्किल हो गया है। गोशाला संचालकों ने बताया कि अब हमारे पास चारे के लिए पैसे नहीं हैं। गायों को ठीक से खिलाना मुश्किल हो गया है। हमें चारे की खरीद के लिए चंदा करना पड़ता है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं होता।

### गायों की देखभाल में दिक्कत

गायों की देखभाल एक कठिन कार्य है। उनके लिए चारा, पानी, दवाइयां और डॉक्टर की सेवा सब की आवश्यकता होती है। जब सरकारी पैसा आता था, तब इन सभी चीजों के लिए एक स्थिर बजट मिलता था। अब, जब पैसा नहीं मिल रहा है, तो गोशाला संचालकों को यह सब अपनी जेब से खर्च करना पड़ता है, जो न केवल उनकी आर्थिक स्थिति पर असर डाल रहा है, बल्कि गायों की देखभाल की गुणवत्ता पर भी असर डाल रहा है।



नारनौल। गोशाला के बाड़े में बंद गायें। फोटो : हरिभूमि

### सरकारी उदासीनता और गोशालाओं का संकट

इस विषय पर कई बार सरकार से मांग की गई, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हो सकी। गोशाला संचालकों का कहना है कि यदि स्थिति इसी तरह रही, तो आने वाले समय में गोशालाएं बंद हो सकती हैं, और हजारों गायों को सड़क पर छोड़ना पड़ सकता है। हमारे पास कोई और विकल्प नहीं है। अगर जल्द ही सरकार ने यह अनुदान जारी नहीं किया, तो हम सभी को गोशालाओं को बंद करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

### यह कहते हैं जिला प्रधान

*सरकार ने बेशक से गोवंश के लिए प्रतिदिन के हिसाब से अनुदान निर्धारित किया हुआ है, लेकिन यह अनुदान मिले करीब एक साल होने को है। अब सुनने में आ रहा है कि गोशाला आयोग ने एक अप्रैल से 30 जून तक यानि तीन महीने का अनुदान जारी करने का निर्णय लिया है, लेकिन आज की स्थिति तक जिले की किसी गोशाला को यह तीन महीने का अनुदान भी नहीं मिला है।*

*-अरुण कौशिक, जिला प्रधान, जिला महेंद्रगढ़ गोशाला संघ, नारनौल*

### जिले में चल रही गोशालाएं

श्री गोशाला महेंद्रगढ़, श्री गोपाल गोसेवा गोशा बूचियावाली महेंद्रगढ़, श्री धोलपोश आश्रम गोशाला महेंद्रगढ़, श्रीकृष्ण बाबा गुदड़िया गोशाला महेंद्रगढ़, आदर्श गोशाला इलाका सतनाली, श्री बांके बिहारी गोशाला जड़वा, बाबा समताईनाथ गोशाला नांवा, जयराम दास गोशाला खुडाना, श्रीकृष्ण गोशाला कनीना, बाबा हेमादास गोशाला भोजावास, बाबा शरणाईनाथ गोशाला खेड़ी (कांटी), श्रीकृष्ण सुदामा गोशाला भालखी (दौंगड़ा अहीर), श्री गोपाल गोशाला नजदीक पुलिस लाइन नारनौल, श्री अनाथ गोशाला निजामपुर रोड नारनौल, स्वर्गाश्रम सुधार एवं गोमाता उपचारशाला नारनौल, श्रीनंद ब्रह्मचारी गोशाला कुलताजपुर, संत आसाराम गोशाला दनचौली, बाबा मुकंददास गोशाला नांगल चौधरी, श्री देवनारायण गोशाला मूसनौता, बाबा खेतानाथ गोशाला खेड़की, श्रीकृष्ण बाल गोपाल गोशाला बिहाल, श्री बागेश्वर धाम महादेव गोशाला बाघोत, सेठ चंद्रुमल गोशाला पथरवा (सतनाली), जय बाबा दयाल धर्मार्थ गोशाला धनुंदा, महंत श्री लक्ष्मण गिरी गोशाला बूचावास, श्रीश्याम विकलांग गोशाला समिति महेंद्रगढ़, श्रीश्याम गोशाला शोभापुर एवं श्रीश्याम गोशाला श्यामपुरा (सतनाली) आदि शामिल हैं।

### यह कहते हैं चेयरमैन

*गोवंश के लिए पंचकूला जिले को पैसा जारी हो चुका है। शेष जिलों को भी अतिशीघ्र चेक जारी किए जा रहे हैं। सब लिस्टें बन चुकी हैं। चेक साइन भी हो चुके हैं और अब शीघ्र ही गोशालाओं को यह भेजे जाएंगे। फिलहाल तीन महीने का पैसा जारी किया जा रहा है।*

*-स्वर्ण कुमार गर्ग, चेयरमैन, हरियाणा गोसेवा आयोग*

### दानी सज्जनों की अहम भूमिका

इस बीच कई सामाजिक संगठनों और दानदाताओं ने गोशालाओं की मदद के लिए आगे बढ़ने की कोशिश की है। कुछ लोगों ने गोशालाओं के लिए चंदे से बमुश्किल काम चलाया ही हुआ है, लेकिन यह रकम भी सीमित है और लंबे समय तक नहीं चल सकती। स्थानीय लोग भी गोशालाओं में गायों की देखभाल के लिए समय-समय पर मदद करते रहते हैं, लेकिन यह सहयोग अस्थायी होता है और इसे एक स्थिर स्रोत की आवश्यकता है।

## कनीना में लघु सचिवालय के नए भवन में संचालित होगा उपमंडल स्तरीय न्यायालय

■ वर्तमान समय में लगती है तीन न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं एक साप्ताहिक फैमिली कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

नवनिर्मित लघु सचिवालय भवन में अब उपमंडल स्तरीय कोर्ट का संचालन होगा। इसके लिए हाईकोर्ट की ओर से जिला एवं सत्र न्यायाधीश से भी जानकारी ली है। जिसमें कनीना में संचालित कोर्ट भवन को दयनीय स्थिति में बताया है। जिस पर प्रदेश सरकार ने लघु सचिवालय के नए भवन में कोर्ट संचालित करने की मंजूरी दे दी है। वर्तमान समय में यहां पर तीन न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं एक साप्ताहिक फैमिली कोर्ट लगती है।

बता दें कि उपमंडल स्तरीय न्यायालय कॉम्प्लेक्स में सप्ताहभर पूर्व तीसरी कोर्ट प्रारंभ की जा चुकी है। यहां पर पहले से एसडीजेएम प्रवीण कुमार, जेएमआईसी विशेष गर्ग की नियमित एवं साप्ताहिक फैमिली कोर्ट लग रही थी। विभिन्न प्रकार के बढ़ते परिवादों को देखते हुए तीसरी कोर्ट की आवश्यकता हुई, तो जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा, सीजेएम विक्रमजीत सिंह की उपस्थिति में तीसरी कोर्ट के रूप में सिविल जज, जूनियर डिवीजन पीयूष कुमार ने अपना विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा ने नवनियुक्त सिविल जज से कहा कि उनके अनुभव एवं कार्यकुशलता से न्यायालय के कार्यों में और अधिक गति एवं पारदर्शिता आएगी। बार एसोसिएशन के सदस्यों ने भी पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर बार एसोसिएशन के प्रधान मंजीत यादव, पूर्व बार प्रधान ओपी यादव, रमेश कौशिक, सुनील रामबास, केडी यादव, हरीश गाहडा, सुधीर यादव, संत कुमार, बलजीत सिंह, अमित कुमार, सतीश कुमार, सुमित सहरावत, दिनेश कुमार, प्रवाचक मुरारीलाल, योगेश कुमार, विकास कुमार, नायब कोर्ट सत्यपाल सिंह, रणधीर सिंह उपस्थित थे।

## जिलास्तरीय विरोध प्रदर्शन 25 को

■ भारतीय मजदूर संघ मांगों को लेकर सौंपेगा ज्ञापन

**नारनौल।** भारतीय मजदूर संघ जिला महेंद्रगढ़ द्वारा 25 फरवरी को जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। संघ के जिला अध्यक्ष आशीष गोरा ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ का 21वां अखिल भारतीय तीन दिवसीय अधिवेशन विगत 6, 7 व 8 फरवरी को भगवान जगन्नाथ के पवित्र स्थल पुरी (उड़ीसा) में सम्पन्न हुआ था। उस अधिवेशन में देशभर से उपस्थित श्रमिकों से सम्बन्धितत ज्वलंत मुद्धों पर गहराई से चर्चा हुई। तत्पश्चात सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस अधिवेशन से पहले भारतीय मजदूर संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने श्रम तथा रोजगार मंत्री डा. मनसुख माण्डविया से मुलाकात की थी तथा अनेक मांगों का एक ज्ञापन पत्र उन्हें सौंपा था। इस दौरान डा. माण्डविया द्वारा प्रतिनिधिमण्डल द्वारा भरोसा दिलाया गया था कि आपकी सभी मांगों एवं समाधान किया जाएगा। जिला मंत्री हरकेश ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ के 21वें अखिल भारतीय अधिवेशन में यह निर्णय लिया गया था कि संघ अपनी मांगों की ओर केंद्र और राज्य सरकार का ध्यान आकर्षण करने के लिए 25 फरवरी को पूरे देश के सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करते हुए जिला अधिकारियों/ उपायुक्तों के माध्यम से प्रधानमंत्री तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपेगा। इसी निरंतरता में जिला महेन्द्रगढ़ के श्रमिकों द्वारा 25 फरवरी को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा तथा उपायुक्त नारनौल के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी सेक्टर तथा सभी श्रमिकों के लिए श्रम कानूनों को बिना किसी छूट के अंत्योदय की सच्ची भावना के साथ एकसाथ लागू किया जाए। लेबर कोड अर्थात इण्डस्ट्रियल रिलेशन कोड–2020 तथा ओक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एण्ड वर्किंग कण्डीशन कोड–2020 में व्याप्त श्रमिकों की चिंताओं का समाधान किया जाए। त्रिपक्षीय तंत्र का पुनरूद्धार और सुदृढ़ीकरण किया जाए। इंडियन लेबर कांफ्रेंस को अविलम्ब बुलाया जाए। अनेक त्रिपक्षीय कमेटियों का पुनर्गठन किया जाए। यह भी सनिश्चित किया जाए कि यह समितियां प्रभावी तथा नियमित रूप से श्रमिकों के कल्याण हेतु व्यवहारिक रूप से कार्य करें। ईपीएस-95 के अन्तर्गत न्यूनतम पेंशन 1000 से बढ़ाकर 7500 रुपये प्रतिमाह महंगाई भत्तों के साथ लागू की जाए।

## इंडियन राइटिंग इन इंग्लिश पुस्तक का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को अंग्रेजी विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर डॉ. नरेश कुमार यादव द्वारा रचित कृति इंडियन राइटिंग इन इंग्लिश का लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथि सहकारिता बैंक के निदेशक सुनील यादव, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. योगेश यादव व दूरदर्शन केंद्र हिसार के क्षेत्रीय निदेशक नीरज मेहलावत थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य डॉ. हवासिंह ने की। कृति का अनावरण करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. राकेश कुमार ने लेखक को इस उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि हेतु अपनी शुभकामनाएं दी।

यह पुस्तक अंग्रेजी साहित्य के अनुशीलन में संलग्न विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। लोकार्पण के बाद लेखक प्रोफेसर डॉ. नरेश कुमार यादव ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि यह कृति स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों हेतु विश्वविद्यालय के नवीनतम पाठ्यक्रम के अनुरूप विशेष रूप से निर्मित की गई है। इससे विद्यार्थियों को भारतीय अंग्रेजी साहित्य की वैचारिक गहराई को समझने में सुगमता होगी।



नारनौल। इंडियन राइटिंग इन इंग्लिश पुस्तक का लोकार्पण करते हुए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य राजवीर सिंह, राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरपी सिंह, पूर्व छात्र संघ के प्रतिनिधि मनीष मित्तल, वासुदेव यादव, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हुडिना की प्राचार्या मनीषा यादव, डॉ. मीना यादव, डॉ. चन्द्र मोहन, डॉ. सतीश सैनी, कार्यालय प्रमुख मंजीत सिंह आदि मौजूद थे।

## सड़क हादसे में जेरपुर निवासी की मौत

महेंद्रगढ़। सतनाली क्षेत्र के गांव जेरपुर निवासी एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक के भाई ने गाड़ी ड्राइवर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग है। शिकायतकर्ता अजीत सिंह ने बताया कि उसका बड़ा भाई भूपसिंह 20 फरवरी को सुबह करीब 10 बजे किसी कार्य से खेत में जा रहा था। रास्ते में चौपाल के पास जेरपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार गाड़ी ड्राइवर ने उसको पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से भूपसिंह सड़क पर गिर गया और गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के समय वहां मौजूद राजेंद्र और सुंदर ने घायल को संभालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थी।

## महेंद्रगढ़ विधायक कंवरसिंह यादव के प्रयास लाए रंग, किसानों को मिलेगा लाभ

# 16 करोड़ खर्च कर खेड़की नदी में आएगा नहरी पानी, 30 गांवों की सिंचाई व्यवस्था होगी मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


अच्छी खबर है। महेंद्रगढ़ विधानसभा के अधीन आने वाली खेड़की नदी में नहरी पानी डाला जाएगा। इसके लिए सिंचाई विभाग 16 करोड़ रुपये खर्च करेगा। इस नदी में पानी आने के बाद 30 से अधिक गांवों की सिंचाई व्यवस्था मजबूत होगी। यह प्रयास काफी दिनों से महेंद्रगढ़ विधायक कंवरसिंह यादव कर रहे थे। अब जाकर इस कार्य को मंजूरी मिली है। इसके लिए विधानसभा के लोगों ने विधायक का आभार जताया है।

जानकारी के मुताबिक महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में विधायक कंवर सिंह यादव के प्रयासों से खेड़की नदी में नहरों के माध्यम से पानी डाला जाएगा। विधायक कंवर सिंह यादव ने बताया कि खेड़की नदी में लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से नहरी पानी डाले जाने की योजना से क्षेत्र के 30 से अधिक गांवों के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। विधायक ने बताया कि खेड़की, गुलावला, पाल, गडानिया, कुकसी, पल्ह, जोनावास, खैरोली, नांगल सिरोही आदि गांवों में सिंचाई व्यवस्था को फायदा मिलेगा। विधायक ने कहा कि इस परियोजना से किसानों की सिंचाई संबंधी समस्याओं में काफी राहत मिलेगी और कृषि व्यवस्था मजबूत होगी। सरकार का लक्ष्य है कि हर खेत तक पानी पहुंचे ताकि किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकें। नहरी पानी उपलब्ध होने से भूजल पर निर्भरता कम होगी तथा फसलों की पैदावार बढ़ेगी, जिससे किसानों की आय में भी सुधार होगा।

### योजना देगी किसानों को दीर्घकालिक लाभ

विधायक कंवर सिंह यादव ने बताया कि यह योजना किसानों के लिए दीर्घकालिक लाभ देने वाली है। नहरी पानी पहुंचने से सूखे की समस्या कम होगी और किसान आधुनिक खेती की तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार खेती को लाभकारी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस दौरान विधायक ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी तथा पूर्व सिंचाई मंत्री डॉ अभय सिंह यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं को मजबूत करने के लिए अनेक योजनाएं लागू की जा रही हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और अधिक से अधिक गांवों के किसानों को लाभ प्राप्त होगा।






# बॉबी की फिल्म 'बंदर' की रिलीज डेट अनाउंस

**मुंबई।** अनुराग कश्यप के डायरेक्शन में बनी बॉबी देओल स्टारर फिल्म बंदर का आज मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है। बॉबी फिल्म एनिमल के बाद से ही चर्चा में है। इस फिल्म में वह अबरार के रोल में दिखे थे और उन्होंने अपने इस किरदार से तहलका मचा दिया। वहीं, इसके बाद अब वह फिर से धांसू रोल में नजर आने वाले हैं। दरअसल, बॉबी फिल्म बंदर : मंकी इन ए केज में नजर आएंगे। दरअसल, अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी बॉबी, सान्या मल्होत्रा, सबा आजाद और सपना पब्बी स्टारर फिल्म बंदर का हाल ही में मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है।

## लाइफ Style

# संदीपा

## 'नैना' की कहानी मेरी भी कहानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी के अलावा अभिनेत्री संदीपा धर ने दमदार किरदार निभाया है। अभिनेत्री ने रिलीज के दिन सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने दिल की बात बयां की।

अभिनेत्री संदीपा धर ने इंस्टाग्राम पर कुछ बीटीएस तस्वीरें शामिल हैं, जिनमें वे नैना के किरदार में नजर आ रही हैं। साथ ही, उनके साथ मृणाल, सिद्धांत और फिल्म के अन्य कलाकार भी नजर आ रहे हैं। संदीपा ने लिखा, "नैना अब आपकी है। मैं करीब एक साल से इस किरदार के साथ जुड़ी हुई हूं। इसने मुझे उन बातों पर सोचने को मजबूर कर दिया, जिनसे मैं भागना चाहती थी।

उन्होंने लिखा कि अक्सर हम लोग किसी को पसंद आने के लिए अपने आपको बदलने लगते हैं और फिर भी लगता है कि हम अच्छे नहीं हैं। आईने में देखकर सिर्फ अपनी कमियां ही क्यों दिखती हैं? उन्होंने लिखा, नैना की कहानी मेरी कहानी है। शायद आपकी भी। मेरे पास हर सवाल का जवाब नहीं है। मैं भी सीख रही हूं, लेकिन इतना जरूर जानती हूं कि हमें बार-बार उन लोगों को अपनी वैल्यू साबित करने की जरूरत नहीं, हमें कभी समझ ही नहीं पाएंगे। हमें अपनी किस्मत खुद समझनी चाहिए। अभिनेत्री ने पोस्ट के अंत में लिखा,अगर कभी आपको लगे कि आप काफी नहीं हैं, तो ये कहानी आपके लिए है। अगर आपने कभी किसी के लिए खुद को खो दिया, तो ये कहानी आपके लिए है। आइए, हम सब मिलकर खुद को फिर से ढूंढें।



## हॉलीवुड मसाला



# एरिक ने दुनिया को कहा अलविदा

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री से एक बहुत बुरी खबर सामने आई है। यहां इंडस्ट्री के फेमस और दिग्गज एक्टर एरिक डेन का निधन हो गया है। 'ग्रेज एनाटॉमी' और 'यूफोरिया' जैसी हिट सीरीज देने वाले एरिक डेन ने महज 53 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। एरिक डेन के निधन की जानकारी उनके परिवार ने दी है। उनके निधन की खबर से पूरी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। बताया जा रहा है कि एरिक डेन की मौत कथित तौर पर एक खतरनाक बीमारी की वजह से हुई है।



# ऑरलैंडो ब्लूम दिखे खूबसूरत हसीना के साथ

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार ऑरलैंडो ब्लूम अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में एक्टर को कैलिफोर्निया के सांता क्लारा स्थित लेवीज़ स्टेडियम में एक खूबसूरत हसीना के साथ देखा गया, जहां से उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। सुपर बाउल संडे के मौके पर 49 वर्षीय "लॉर्ड ऑफ द रिंग्स" फेम एक्टर ऑरलैंडो ब्लूम को हसीना संग मैच के बाद स्टेडियम से निकलते हुए देखा गया, जहां दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आए। दोनों की नजदीकियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों इवेंट में एक साथ पहुंचे थे, हालांकि स्टेडियम में एंट्री के वक्त लुईसा ऑरलैंडो से एक कदम आगे चल रही थीं। इसके बावजूद, पूरे समय दोनों की बॉन्डिंग और केमिस्ट्री साफ नजर आ रही थी।



# सस्ते बिस्किट की दीवानी करीना

**मुंबई।** करीना कपूर 5 रुपए वाले सस्ते बिस्किट की दीवानी हैं। हर शाम चाय की चुसकी संग वो इसके चटकारे लेती हैं। गौर करने वाली बात ये है कि ये बिस्टिक घर-घर में खाया जाता है। अब उन्होंने इसकी झलक भी दिखाई है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने शाम के रूटीन की एक ऐसी झलक साझा की, जिसने करोड़ों भारतीयों के दिल को छू लिया। करीना ने इंस्टाग्राम पर अपनी शाम की चाय की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें किसी महंगे विदेशी स्नैक के बजाय भारत का सबसे भरोसेमंद और पुराना साथी 'पारले-जी' बिस्कुट नजर आया। एक कप गरमा-गरम चाय और उसके बगल में रखे दो पारले-जी बिस्कुट की इस तस्वीर ने न केवल पुरानी यादें ताजा कर दीं, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि खुशियां अक्सर छोटी और साधारण चीजों में ही छिपी होती हैं।



# एक्शन मूवी टॉक्सिक का टीजर रिलीज

**मुंबई।** यश की मोस्ट अवेटेड एक्शन ड्रामा मूवी टॉक्सिक का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म की पहली झलक ने फैंस के होश उड़ा दिए थे। वहीं अब टीजर देखकर लोगों की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई है। फिल्म में यश के अलावा तमाम हसीनाएं नजर आएंगी। हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया, कियारा आडवाणी, रुक्मिणी वसंत, नयनतारा जैसी एक्ट्रेस दिखाई देंगी। टीजर की शुरुआत यश के वॉइस ओवर से होती है, जहां वो कहते हैं कि इस बार जंग अलग है, उनकी मक्कारी भी अलग है। इसके बाद टीजर के कई एक्शन सीन देखने को मिले है। टीजर में कई सीन में यश अपने दुश्मनों का बुरा हाल करते हुए दिख रहे हैं। यहां तक कि एक ऐसा सीन भी है जब यश आरी की मशीन से एक शख्स की गर्दन काटते हुए भी दिख रहे हैं। यह सीन दिमाग हिला देने वाला है।

## टीवी मसाला

# दिव्या अग्रवाल की शादी की अफवाहों पर लगा विराम

**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। कई समय से उनकी शादी में दरार और तलाक की खबरें जोरों पर थीं, और यह खबरें भी आई



थीं कि दिव्या अपने पति से अलग रह रही हैं और उनके रिश्ते में कड़वाहट आ गई है। दरअसल, रियलिटी शो 'द 50' में कंटेस्टेंट भाव्या सिंह ने दिव्या के वैवाहिक जीवन पर सवाल उठाए थे, जिससे अफवाहें और तेज हो गई थीं, लेकिन इन सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए दिव्या ने अपनी शादी की सालगिरह के मौके पर पति संग एक खास वीडियो शेयर किया। पोस्ट किए गए वीडियो में दोनों एक दूसरे के साथ प्यार भरे अंदाज में नजर आ रहे हैं। दिव्या ने लिखा, मैंने आपसे शादी इसलिए की क्योंकि आप ही वो इंसान हैं जो मुझे पूरी तरह समझते हैं। आपने कभी मुझे बदलने की कोशिश नहीं की। आप मुझे अंदर से जानते हैं, जैसे मैं सच में हूं। आगे उन्होंने लिखा, मेरे प्यार को शादी की सालगिरह मुबारक। आने वाले सालों में चाहे जिंदगी कितनी भी पागलपन भरी क्यों न हो, हम हमेशा साथ रहेंगे। यह पोस्ट देखकर फैंस बहुत खुश हो गए। दिव्या की दोस्त और अभिनेत्री गौहर खान ने भी कमेंट करके बधाई दी।



# कल्याणी की लोका 2 को लेकर बड़ा अपडेट

**मुंबई।** साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'लोका चैप्टर 1' के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने अपडेट दी है। साल 2025 की ब्लॉकबस्टर मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। दर्शकों को ये फिल्म बहुत पसंद आई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसकी धुआंधार कमाई ने हर किसी को हैरान कर दिया था। अब इस फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर आई है। फिल्म की शूटिंग को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने खुलासा किया है। दरअसल हाल ही में हुए एक इवेंट में लोका फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बात की। उन्होंने कहा, 'फिल्म 'लोका 2' की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि शूटिंग सितंबर से शुरू होगी। मैं फिल्म का हिस्सा हूं। आप फिल्म का इंतजार करें। बता दें कि बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई के साथ लोका चैप्टर 1 ने कई रिकॉर्ड बनाए थे। ये भारत की पहली सुपरवुमन फिल्म भी है। लीड एक्ट्रेस के तौर पर कल्याणी प्रियदर्शन ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। एक्शन और ड्रामा से भरपूर मलयालम फिल्म 'लोका' एक वुमन सुपरहीरो की कहानी है। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर होती हैं और वो असहाय लोगों की मदद करती है। इसकी कहानी ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। महज 33 करोड़ रुपये के बजट में तैयार इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ग्रास 183.96 करोड़ रुपए कमाए थे।

# कुमार ने दिया सरप्राइज, रैपर के साथ गाया गाना

*मशहूर गायक कुमार सानू ने मनोरंजन जगत में कई यादगार गाने गाए हैं और दर्शकों के दिलों में खास पहचान बनाई है, लेकिन गायक ने इस बार फैंस को सरप्राइज दिया है। उन्होंने रैपर और सिंगर किंग के साथ मिलकर नया गाना 'मजा प्यार करने में' रिलीज किया है। यह गाना किंग के नए एल्बम राजा हिंदुस्तानी का ही हिस्सा है।*

**मुंबई।** यह एल्बम इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें किंग और कुमार सानू को साथ में देखा जा रहा है। गाने में कुमार सानू की क्लासिक आवाज और किंग का मॉडर्न रैप स्टाइल मिलकर कमाल का जादू बिखेर रहे हैं। दोनों कलाकार अपने सुरों से खेलते नजर आ रहे हैं।



कुमार सानू और किंग ने गाने को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, "मजा प्यार करने में गाना रिलीज किया जा चुका है। यह मेरे लिए जिंदगी में एक बार मिलने वाला खास पल है। थोड़ा सा प्यार जरूर दिखाएं।" जहां गाने को कुमार सानू और किंग ने अपनी शानदार आवाज से सजाया है, वहीं इसके लिरिक्स भी किंग ने दिए हैं और आदित्य देव ने इसे संगीतबद्ध किया है।

# 7 साल बड़े क्रिकेट होस्ट से शादी करेंगी



***मुंबई।** एक्ट्रेस कृतिका कामरा इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। जल्द ही उनके घर शादी की शहनाई बजने वाली है। लंबे समय से फैंस शादी का इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच उनकी शादी की डेट भी फिक्स हो गई है। कृतिका कामरा और गौरव कपूर 11 मार्च को शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों ने बिना किसी शोर शराबे और दिखावे के सिंपल तरीके से शादी करने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि दोनों घर पर ही निजी साइनिंग सेरेमनी में शादी करेंगे, जिसमें केवल घर के लोग ही शामिल होंगे। हालांकि, शादी के बाद दोनों ने रिसेप्शन पार्टी देने का फैसला किया है, जो कि 12 मार्च को होस्ट की जाएगी। इस खास मौके पर कई टीवी और बॉलीवुड के स्टार्स और कई क्रिकेटर्स शामिल होंगे। करीबी सूत्रों की मानें तो दोनों का यह मानना है कि वह बिना दिखावे के ऐसी शादी करें, जिसमें ढेर सारी यादें हों। ऐसे पल जिसे आप जी सकें। वह परंपराओं का सम्मान करते हैं। इसीलिए वह अपने परिवार के साथ सादगी, अपनापन और अपनों की खुशियों के बीच इन खास पलों को शेयर करना चाहते हैं। बता दें, कृतिका कामरी की यह गौरव से पहली शादी है, जबकि गौरव कपूर इससे पहले किरत भट्टल के साथ शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों ने साल 2014 में शादी की थी और साल 2021 में दोनों का तलाक हो गया। फिर इसके बाद वे कृतिका के रिलेशन में आए और 2025 में दोनों ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया।*

## ग्लोबल पॉप स्टार ने किया था 2007 में मुंबई में परफॉर्म

# 19 साल बाद भारत लौट रहीं शकीरा, मुंबई और दिल्ली में करेंगी लाइव कॉन्सर्ट

*करीब दो दशकों के बाद ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा एक बार फिर भारत में लाइव परफॉर्म करेंगी। खास बात यह है कि इस बार शकीरा मुंबई और दिल्ली में अपने धमाकेदार कॉन्सर्ट करेंगी। 19 साल बाद भारत में उनकी वापसी को लेकर म्यूजिक लवर्स के बीच जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई


आयोजकों की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, शकीरा 10 अप्रैल को मुंबई में और 15 अप्रैल को दिल्ली में परफॉर्म करेंगी। यह पहली बार है कि शकीरा का भारत दौरा दो शहरों में आयोजित किया जा रहा है। दोनों ही शहरों में उनके भारी संख्या में फैंस हैं। माना जा रहा है कि ये कॉन्सट्र्स पूरी तरह हाउसफुल रहेंगे। शकीरा की एनर्जी, डांस मूव्स और सुपरहिट गानों का जादू भारतीय दर्शकों के सिर चढ़कर बोलेगा।

### शकीरा का कॅरियर तीन दशकों से ज्यादा लंबा

शकीरा का करियर तीन दशकों से भी ज्यादा लंबा रहा है। उन्होंने 1990 के शुरुआती दौर में अपने म्यूजिक सफर की शुरुआत की थी और धीरे-धीरे वह दुनिया की सबसे लोकप्रिय पॉप सिंगर्स में शामिल हो गईं। 'हिप्स डोंट लाइ', 'व्हेनएवर, वेयरएवर', 'वाका वाका', 'शी वुल्फ' और 'ला टोर्टुरा' जैसे गानों ने उन्हें ग्लोबल पहचान दिलाई। आज भी उनके गाने लगभग सभी देशों में पसंद किए जाते है।

### भारत में शो को लेकर भावुक और उत्साहित

अगर शकीरा के भारत कनेक्शन की बात करें, तो उन्होंने आखिरी बार साल 2007 में मुंबई में परफॉर्म किया था। उस समय वह अपनी 'ओरल फिक्सेशन टूर' के तहत भारत आई थीं। अब लगभग 19 साल बाद फैंस को उनकी लाइव परफॉर्मेंस देखने के लिए मिलेगी। भारत में अपनी वापसी को लेकर शकीरा खुद भी काफी भावुक और उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि भारत में परफॉर्म करना हमेशा उनके लिए खास रहा है। मुंबई और दिल्ली के फैंस से दोबारा जुड़ना एक यादगार अनुभव होगा। इस 'फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट' के जरिए वह बच्चों के पोषण और बेहतर भविष्य का संदेश देना चाहती हैं।



*श्री श्याम शिविर में भक्तों के लिए भोजन व ठहरने सहित दवा का उचित प्रबंध*

# कोथल खुर्द के युवाओं ने नांगल सिरोही बाईपास पर लगाया आठ दिवसीय श्री श्याम शिविर, तैयारियां पूरी, युवा दे रहे सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏩ महेंद्रगढ़

श्री खाटू श्याम का मेला फागुन महीने में शुरू होकर होली पर्व तक चलता है। श्री श्याम फागुन मेले को लेकर गांव कोथल खुर्द के युवाओं द्वारा नांगल सिरोही के पेट्रोल पंप के समीप बाईपास पर आठ दिवसीय श्री श्याम शिविर आयोजित किया गया है। जानकारी देते हुए प्रधान यशपाल सीएसी, उपप्रधान मदन लाल व खजांची दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि 20 फरवरी से आगामी 27 फरवरी तक आठ दिवसीय श्री श्याम शिविर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि जीवन में धर्म-कर्म का विशेष महत्त्व रहता है। ऐसे धार्मिक कार्यों से जीवन में सरलता तथा व्यक्ति प्रगतिशील दिशा में बढ़ता है। सही दिशा में किया गया कार्य व्यक्ति को ऊंचाइयों की ओर लेकर जाता है। उन्होंने कहा कि मान्यता है कि जो लोग खाटू वाले बाबा का सच्चे मन से उनकी पूजा आराधना करते हैं, उनकी मनोकामना पूरी होती है और उनको परेशानियां खत्म होती हैं। माना जाता है कि इससे घर में सुख शांति आती है। खाटू श्याम को भगवान श्रीकृष्ण का ही अवतार माना जाता है।

■ जीवन में धर्म-कर्म का रहता है विशेष महत्त्व



महेंद्रगढ़। नांगल सिरोही में लगाया गया श्याम शिविर। फोटो: हरिभूमि

## खाटू श्याम को माना जाता है भगवान श्रीकृष्ण का अवतार

### भोजन के साथ दूध, फल व बिस्किट का प्रबंध

श्री श्याम शिविर में भक्तों के लिए भोजन, ठहरने सहित दवा का उचित प्रबंध किया गया है। शिविर में शिव भक्तों के लिए सुबह, दोपहर व सायं के लिए उचित भोजन की व्यवस्था की गई है तथा भोजन के साथ दूध, फल व बिस्किट आदि के उत्तम प्रबंध किए गए है। वहीं श्री भक्तों के लिए ठहरने व आराम के लिए गद्दे, बिस्तर व नहाने की भी उचित व्यवस्था की गई है। थकान होने वाले श्री श्याम भक्तों के लिए दवा व चिकित्सा का भी डा. मुकेश द्वारा उचित प्रबंध किया गया है।

### पेयजल व्यवस्था की

प्रधान यशपाल सीएसी व सचिव दिनेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम की आस्था श्याम बाबा की सेवा में टिक्की है। सभी युवा श्याम प्रेमी है। शिविर में सुबह नाश्ता, दोपहर के भोजन में बूंदी, सब्जी, पूड़ी एवं रायता भक्तों लिए तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा दिनभर चाय-बिस्कुट एवं फ्रूट वितरण किए जाते है। शुद्ध पेयजल व्यवस्था की गई है। आठ दिवसीय शिविर में सैकड़ों की संख्या में प्रतिदिन श्री श्याम भक्त पहुंचेगे।

### श्याम भक्तों के लिए पंडाल सजाया

इस आठ दिवसीय श्री श्याम शिविर की तैयारियां पूरी कर ली गई है। श्री श्याम भक्तों के लिए पंडाल सजा दिया गया है। वहां बैठने के लिए कुर्सी व आराम के लिए गद्दों की व्यवस्था कर दी गई। श्री श्याम भजनों के थिरकने के लिए डीजे की व्यवस्था के साथ-साथ श्री श्याम के भजनों से पंडाल का माहौल भक्तिमय किया जाएगा। पुरुष भक्तों के लिए अलग व महिला भक्तों के लिए अलग-अलग व्यवस्था को गई है। प्रधान ने बताया कि शिविर को सफल बनाने के लिए उन्होंने कमेटी के सदस्यों व युवा टीम को जिम्मेवारी सौंपी है। इस अवसर पर हैप्पी, राजेश, सुनील, विकास, रोहित, प्रीतम संदीप, सुक्रर्मपाल, प्रवीण, बंटी, अंकित, विक्की, हिमांशू, हन्नी, जयवीर, मोहित सहित अनेकों युवा शिविर में सहयोग कर रहे है।

## खबर संक्षेप



कनीना। छात्राओं को संबोधित करती मास्टर ट्रेनर। फोटो: हरिभूमि

### सिलाई प्रशिक्षण में छात्राएं हासिल कर रहीं निपुणता

**कनीना।** राजकीय महिला महाविद्यालय उन्हाणी में जारी कटाई एवं सिलाई प्रशिक्षण शिविर में छात्राएं निपुणता हासिल कर रही है। इस प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर ने सिलाई मशीन को ऑपरेट करने व कटाई, सिलाई का प्रशिक्षण दिया। छात्राओं को कपड़े का नाप लेने की विधि, सिलाई की प्रारंभिक तकनीक का अभ्यास करवाया। डॉ. कविता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में फैशन, डिजाइन तथा तकनीक का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह ने कहा कि कौशल आधारित शिक्षा ही आज के समय की आवश्यकता है।

### पाल गांव में मनाया गया सरसों खेत दिवस

**महेंद्रगढ़।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा गांव पाल में सरसों खेत दिवस राष्ट्रीय खाद्य-तेल मिशन तिलहन के अंतर्गत आयोजन किया गया। इस खेत दिवस में किसानों को केंद्र द्वारा लगाए गए समूह अग्रिम प्रदर्शन प्लांट आरएच 1424 तथा आरएच 1975 किस्मों का अवलोकन करवाया गया। केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉ. जयलाल यादव ने किसानों को सरसों की समग्र उन्नत कृषि क्रियाओं तथा समन्वित कीट प्रबंधन, बीज उपचार आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. आशीष शिवरान ने सरसों फसल की विभिन्न किस्मों, उचित खाद प्रबंध, एवं खरपतवार नियंत्रण के लिए जरूरी जानकारी दी। इस खेत दिवस में लगभग 50 किसानों ने भाग लिया।



महेंद्रगढ़। खेत दिवस कार्यक्रम में भाग लेते किसान। फोटो: हरिभूमि

### केंद्र सरकार की दो दिवसीय जागरूकता प्रदर्शनी का समापन

# युवाओं से विकसित भारत के संकल्प में भागीदार बनने का किया आह्वान

केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में युवाओं की भूमिका सर्वोपरि

हरिभूमि न्यूज ⏩ नारनौल

युवा शक्ति ही वह धुरी है, जो भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को हकीकत में बदलेगी। केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में युवाओं की भूमिका सर्वोपरि है। यह बात जिला परिषद अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने राजकीय कॉलेज में कही। वे सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो हिसार की ओर से आयोजित केंद्र सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं पर आधारित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम के दौरान जिला प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक महेंद्रगढ़ के चेयरमैन सुनील कुमार यादव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की और वर्ष 2026-27 के लिए घोषित केंद्रीय कृषि बजट की बारीकियों को साझा करते हुए बताया कि सरकार किस प्रकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य कर रही है। इसी क्रम में राजकीय महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. हवासिंह ने युवाओं के माध्यम से जन-जन तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के भारत सरकार के इन प्रयासों की सराहना की।

प्रदर्शनी के समापन दिवस पर विशेषज्ञों ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। जिला सूचना प्रबंधक ऋतु राजोतिया और आयुष्मान मित्र नवीन कुमार ने आयुष्मान भारत योजना व स्वास्थ्य विभाग की अन्य योजनाओं के बारे में बताया, जबकि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सहायक जिला रोजगार अधिकारी जितेन्द्र सिंह ने श्रम संहिताओं के बारे में जानकारी देते हुए श्रमिकों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता से अवगत कराया। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से केंद्रीय बजट 2026-27, विकसित भारत अभियान, जन-धन योजना, मुद्रा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना व आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के प्रति विद्यार्थियों तथा आमजन को जागरूक किया, ताकि अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति इनका लाभ उठा सकें।



नारनौल। प्रदर्शनी का अवलोकन करते जिला परिषद अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार। फोटो: हरिभूमि

### योजनाओं के महत्व पर डाला प्रकाश

जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो की सांस्कृतिक टीम यूथ एजुकेशन सोसाइटी जींद ने गीत, नाटक और नृत्य के माध्यम से योजनाओं के महत्व को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र रही मौखिक प्रश्नोत्तरी, पोस्टर पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिताएं, जिनमें विजयी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. मीना यादव का विशेष योगदान रहा। अंत में केंद्रीय संचार ब्यूरो हिसार के नोडल अधिकारी नीरज महलावत ने कॉलेज प्रशासन व छात्रों के सक्रिय सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन की पुष्टि की।



महेंद्रगढ़। सफलता पाने वाले विद्यार्थियों के साथ चेयरमैन। फोटो: हरिभूमि

### आरआरसीएम ने आईआईटी जेईई मेन्स में गाड़े झंडे

**महेंद्रगढ़।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुके आरआरसीएम पब्लिक स्कूल कनीना के विद्यार्थियों ने एकबार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हाल ही में घोषित हुए आईआईटी जेईई मेन्स के परिणामों में स्कूल के कई छात्र-छात्राओं ने शानदार परसेंटाइल हासिल कर संस्थान और क्षेत्र का नाम रोशन किया है, जिनमें हीना पुत्री नरेश ने 97 परसेंटाइल के साथ टॉप किया है। वहीं नेहा 96, पारुल 94 और हार्दिक 94 ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इनके अलावा दीपांशु, हिमांशु, चिराग, वैभव, तुषार, मनीषा, राहुल और ललित ने 80 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी योग्यता साबित की। इस उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन रोशनलाल यादव ने विद्यार्थियों को बधाई दी। स्कूल डायरेक्टर विपुल राव ने कहा कि हमारी प्राथमिकता छात्रों को केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें आधुनिक तकनीक और सही मार्गदर्शन के जरिए देश के शीर्ष संस्थानों के लिए तैयार करना है।



महेंद्रगढ़। सफल छात्रों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स में लहराया परचम

**महेंद्रगढ़।** चामधेड़ा रोड स्थित मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में शुक्रवार को जेईई मेन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। डायरेक्टर हुक्मसिंह तंवर विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रदीप तंवर ने बताया कि स्कूल के छात्र निखिल पुत्र धर्मेंद्र ने 99.17 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं मुकुल पुत्र जगमाल ने 97.56 पर्सेंटाइल, रिहान यादव पुत्र अजीत सिंह ने 89.09 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त प्रेरणा पुत्री संजीव तथा रिया पुत्री अंगम सिंह ने भी जेईई मेन परीक्षा में सफलता हासिल कर स्कूल एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। चेयरमैन सतनसिंह यादव ने कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर हुक्मसिंह तंवर, बिरेंद्र सिंह, मानसिंह, राजेंद्र शर्मा, जगबीर सिंह लाम्बा, मुकेश पाथेड़ा, कृष्ण यादव, भूपेंद्र सैनी, सुभाष चंद्र, शीला शर्मा, स्नेहा, करीना सैनी, उगंता, राखी आदि उपस्थित रहे।



मंडी अटेली। गुजरवास में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो: हरिभूमि

### गुजरवास में ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति पुनर्गठित

**मंडी अटेली।** सोसाइटी फॉर एजुकेशन एंड वेलफेयर एक्टिविटीज सेवा संस्था द्वारा एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन परियोजना के तहत गांव गुजरवास एवं तिगरा में ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति का पुनर्गठन किया गया। सेवा संस्था के संयोजक दरियाव सिंह ने बताया कि ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण कमेटी का नवीनीकरण कर इसे सक्रिय किया गया है, ताकि गांव में बच्चों के प्रति हिंसा बाल विवाह, शारीरिक व मानसिक शोषण की घटना न हो। हमारी कोशिश है कि बच्चों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण मिले और वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों। नवगठित समिति में ग्राम पंचायत गुजरवास की सरपंच वर्षा रानी और ग्राम पंचायत तिगरा की सरपंच हंसा देवी के प्रतिनिधित्व में आंगनवाड़ी, आशा वर्कर, साक्षर महिला समूह की अध्यक्ष, बालिका मंच की सदस्य तथा सरकारी स्कूल के दो अध्यापकों को शामिल किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत शर्मा ने समिति के सदस्यों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ दिलवाई।

## नशा न करने के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏩ नारनौल

महिला थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर मंजूषा ने अपनी टीम के साथ टैक्सी स्टैंड का दौरा किया। इस दौरान पुलिस टीम ने वहां मौजूद टैक्सी व ऑटो चालकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करते हुए उन्हें यातायात नियमों की पालना करने, नशा न करने और साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने के लिए विस्तार से जागरूक किया। एसएचओ ने चालकों को संबोधित करते हुए कहा कि एक जिम्मेदार वाहन चालक के रूप में उनकी भूमिका समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने चालकों को यातायात नियमों की बारीकी से जानकारी देते हुए समझाया कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, निर्धारित गति सीमा का ध्यान रखें और वाहन के सभी जरूरी दस्तावेज हमेशा अपने पास रखें। विशेष रूप से महिला थाना की ओर से निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि महिला यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। चालकों को हिदायत दी गई कि वे सवारी बैठाते समय व उतारते समय शालीनता बरतें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति के दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

नशा मुक्त अभियान के संकल्प को दोहराते हुए पुलिस टीम ने चालकों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नशा करके वाहन चलाना न केवल चालक की जान को जोखिम में डालता है, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों और सवारियों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता है।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में साइबर अपराध पर चर्चा की गई। पुलिस टीम ने चालकों को बताया कि आज के डिजिटल दौर में थोड़ी सी लापरवाही से बैंक खाता खाली हो सकता है। उन्हें समझाया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी जानकारी साझा न करें और न ही किसी अनजान लिंक पर क्लिक करें।



नारनौल। टैक्सी चालकों को जागरूक करती इंस्पेक्टर मंजूषा। फोटो: हरिभूमि

## आरपीएस विद्यालय के ईशान सिंह भारतीय सेना में बनेंगे लेफ्टिनेंट



**महेंद्रगढ़।** आरपीएस विद्यालय के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। विद्यालय के मेधावी छात्र ईशान सिंह ने कठिन मानी जाने वाली एसएसबी परीक्षा को सफलतापूर्वक पास कर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनने का गौरव हासिल किया है। इस बड़ी सफलता से न केवल ईशान के परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि पूरे महेंद्रगढ़ क्षेत्र और आरपीएस शिक्षण संस्थान का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। गौरतलब है की कुछ दिनों पूर्व आरपीएस विद्यालय खातोद के सचिन भी लेफ्टिनेंट पद पर चयनित हुए थे।

विक्रम सिंह व उर्वशी सिंह के पुत्र ईशान सिंह ने अपनी सफलता की कहानी 31 एसएसबी जालंधर केंद्र में लिखी, जहां टीईएस-55 एंट्री के माध्यम से 18 फरवरी को उन्होंने अंतिम चयन प्राप्त किया। ईशान ने अपनी विद्यालयी शिक्षा के दौरान ही सेना में जाने का लक्ष्य निर्धारित कर लिया था। आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव व प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ईशान को बधाई दी। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि ईशान की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# गुरुग्राम से पैदल चलकर खाटू श्याम मंदिर चौकी नंबर 45 पर पहुंचा दल

हरिभूमि न्यूज ⏩ नारनौल

शहर में स्थित श्याम बाबा चौकी नंबर 45 मंदिर आजकल खाटू श्याम जाने वाले पैदल यात्रियों एवं भक्तों के लिए गहरी आस्था का आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आजकल दिल्ली, गुड़गांव, उत्तर प्रदेश, रेवाड़ी, गाजियाबाद आदि शहरों से आने वाले भक्तों के लिए रेल मार्ग पटरी से चलते हुए यहां पहुंच रहे हैं। खाटू श्याम धाम पहुंचने के लिए रेल मार्ग पैदल यात्रियों भक्तों के लिए सबसे छोटा मार्ग पड़ता है।

नारनौल में चौकी नंबर 45 पर स्थित श्याम मंदिर रेल पटरी जो दिल्ली से रिंगस खाटू श्याम जाती है, उस पर स्थित है, इसलिए इस शिविर में पैदल खाटू श्याम बाबा के जो भक्त झंडा ध्वजा चढ़ाने जाते हैं, उनके लिए यह शिविर बेहद उपयुक्त बन गया है। इस शिविर में स्वास्थ्य सेवाएं, कच्चे तवे की रोटियां पैदल यात्रियों भक्तों के पैर दबाने व आराम करने और स्नान ध्यान करने की यहां उत्तम व्यवस्था मेला कमेटी द्वारा 24 घंटे की जा रही है। शहर से भारी संख्या में पुरुष व महिलाएं 24 घंटे पैदल चलकर आ रहे हैं और भक्तों की सेवा में जुटे हुए हैं।

गुरुग्राम के भंगरोला श्याम सेवा समिति के 25 पैदल यात्रियों का एक जत्था शुक्रवार को श्याम बाबा के भक्त राकेश सेन भंगरोला के नेतृत्व में चलकर शिविर में पहुंचा, जिस पर श्याम मंदिर चौकी नंबर 45 के सेवादारों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत कर उनकी सेवा में लग गए। भंगरोला श्याम सेवा समिति में जगबीर सेन अमित, मनिंद्र नंबरदार, प्रीत, साहिल, लोकेश गांधी, निखिल, हर्ष, चिराग, सिद्धार्थ, केशव, यश, पंडितजी, सोनू, सन्नी, राजकुमार, मोहित, लोकेश, पूजा, निशांत जब चौकी नंबर 45 श्याम मंदिर पहुंचे तो मास्टर करण सिंह ने उनका स्वागत किया और प्रातः सभी ने चाय नाश्ता लेकर यहां से प्रस्थान किया। भंगरोला श्याम प्रेमी पिछले 15 वर्षों से हर वर्ष भंगरोला से खाटू धाम पहुंचकर ध्वज चढ़ते आ रहे हैं। इस शिविर में बाबा की ध्वजा को रखने का विशेष अलग से व्यवस्था कर रखी है, जिससे पैदल चल रहे भक्त यहां बाबा की ध्वजा को रखकर आराम करते हैं तो डॉक्टरों की टीम द्वारा भक्तों के पैरों के छालों को ठीक किया जा रहा है।





नारनौल। शिविर में पहुंचा गुरुग्राम से चला श्याम भक्तों का जत्था। फोटो: हरिभूमि

## पैक्स एक मुश्त ऋण समाधान योजना लागू करने की मांग

**नारनौल।** बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने हरियाणा के मुख्यमंत्री से सरकार की ओर से घोषित पैक्स एक मुश्त ऋण समाधान योजना तत्काल लागू करने की मांग की है। अतरलाल ने सीहोर, चेलावास, इसराणा, रामबास, भोजावास, बेवल में जनसम्पर्क के दौरान उक्त मांग उठाई। उन्होंने कहा कि 10 दिसम्बर 2025 को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सहकारी समितियों से जुड़े किसानों को लंबित ऋणों से मुक्ति दिलाने के लिए एक मुश्त समाधान योजना लागू करने की योजना की थी। इसके द्वारा हरियाणा के 6.81 लाख किसानों व गरीब श्रमिकों को 2266 करोड़ के ब्याज माफी का लाभ दिया जाना था और इसकी अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 निर्धारित की गई थी, लेकिन घोषणा के बाद सरकार इसके कार्यान्वयन के बारे में भूल गई। किसान पैक्स सहकारी समितियों के चक्कर काट रहे हैं। जब किसान व श्रमिक सहकारी समितियों के अधिकारियों से पूछते हैं, तो उत्तर मिलता है कि अभी ऊपर से एकमुश्त समाधान योजना का आदेश नहीं मिला है। सरकार की ओर से की जा रही देरी के कारण किसान मानसिक व आर्थिक संकट झेलने को मजबूर हैं। सरकार की ओर से घोषित योजना का अभी तक किसान व श्रमिकों को लाभ न मिलने से उनमें भारी रोष व्याप्त है। अतरलाल ने चेतावनी दी कि सरकार ने 15 दिन के अंदर एक मुश्त समाधान योजना के कार्यान्वयन के आदेश नहीं किए, तो बहुजन समाज पार्टी पीड़ति किसानों के साथ सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। उन्होंने अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 से बढ़ाकर 30 जून 2026 करने की मांग की है। इस मौके पर पर कैलाश सेठ, राकेश यादव, शेरसिंह यादव, भागसिंह चेयरमैन, पदम सिंह, दानसिंह प्रजापत, बीरसिंह, महिपाल आदि पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

**NOTICE**

I, No.15220782Y Rank Hav, Sandeep S/O Maha Singh r/o Lawan Tehsil Mahendragarh, Distt. Mahendergarh (Haryana) PIN 123029 declare that in my army service record my daughter's name mentioned as Bhawna. Which is incorrect. Correct name is Bhawana. Which may be amended accordingly in my army service record.

**PUBLIC NOICE**

I, Shiva Saini, resident of Village Tajipur, Tehsil Narnaul, District Mahendragarh, Haryana – 123001, have changed my son's name from Dakshit to Dakshit Saini vide Affidavit No. 23690 dated 13-01-2026 before Narnaul Court.

**NOTICE**

I. No. 15220782Y Rank Hav. Sandeep S/O Maha Singh r/o Lawan Tehsil Mahendergarh,. Distt. Mahendergarh (Haryana) PIN 123029 declare that in my army service record my father's DOB mentioned as 01.07.1963 which is incorrect. Correct DOB is 01.01.1965. Which may be amended accordingly in my army service record.

**कार्यालय: राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निम्बी (3973) महेन्द्रगढ़**

**बोली/नीलामी की सूचना**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निम्बी (3973) महेन्द्रगढ़ के 10 जर्जर कमरों बरामदे सहित को तोड़ने व टूटे हुए सामान की खुली बोली / नीलामी वार बृहस्पतिवार 05.03.2026 समय प्रातः 10:00 बजे विद्यालय प्रांगण में लगाई जाएगी। बोली / नीलामी के नियम व शर्ते मौके पर बताई जाएंगी। विद्यालय प्रबंधन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

हस्ताक्षर, प्राचार्य,
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निम्बी (3973) महेन्द्रगढ़

## खबर संक्षेप



### शिविर में कानूनी साक्षरता पर किया जागरूक

**नारनौल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी के मार्गदर्शन में गांव दताल में विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेश जोशी ने ग्राम वासियों को संविधान में दिए गए अधिकारों से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि कानून में ना कोई गरीब होता है ना कोई अमीर होता है। कानून सबके लिए बराबर है। उन्होंने आगामी 14 मार्च को नारनौल, महेंद्रगढ़ व कनीना में होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किसी भी कानूनी समस्या के लिए आप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर 01282250322 पर फोन कर कानूनी जानकारी ले सकते हैं। तहसील कल्याण अधिकारी शीशराम ने विभाग की लाभकारी योजनाएं बताई।

### फसल खरीद को लेकर बैठक हुई आयोजित

**कनीना।** अनाज मंडी में आढ़तियों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला विपणन प्रवर्तन अधिकारी जगजीत कादियान ने की। जिसमें आढ़तियों ने आगामी रबी फसल की खरीद को लेकर धर्म कांटे सहित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।



व्यापारियों ने मार्केटिंग बोर्ड से आए अधिकारी का अभिनंदन किया। इस मौके पर आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पूर्णसिंह सेहरावत, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन दीपक गुप्ता, राधेश्याम शर्मा, रविंद्र बंसल, मनीष गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# ओवर स्पीड के 797, बिना हेलमेट के 1508 चालान काटे

- सड़क हादसों को रोकने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला प्रशासन सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रयास कर रहा है। इसी के चलते शुक्रवार को लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त तरुण पावरिया की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन नीति की मासिक बैठक हुई। जिसमें सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार जिला प्रशासन के प्रयासों से सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु दर में कमी आई है। उन्होंने बताया कि जनवरी 2025 में जहां जिले में 26 दुर्घटनाएं हुई थी, वहीं जनवरी 2026 में यह संख्या घटकर 12 रह गई है। इसी प्रकार सड़क हादसों में होने वाली मौतों का आंकड़ा भी पिछले वर्ष जनवरी के 11 के मुकाबले इस वर्ष घटकर 4 रह गया है। अतिरिक्त उपायुक्त ने इन आंकड़ों को कम करने के लिए पुलिस व संबंधित विभागों को दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर उनकी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीएमसी रणवीर सिंह, एसडीएम नांगल चौधरी उदय सिंह, एसडीएम कनीना डॉ. जितेंद्र सिंह, नगराधीश डॉ. मंगल सेन, डीएसपी सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।



**नारनौल।** अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी तरुण पावरिया। फोटो: हरिभूमि

### स्कूल बसों की सघन चेकिंग करने के निर्देश

स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे एक सप्ताह के भीतर अपने क्षेत्रों में स्कूल बसों की सघन चेकिंग करें। उन्होंने बताया कि जनवरी से अब तक 75 स्कूल बसों की जांच की गई, जिसमें से नियमों का उल्लंघन करने वाली चार बसों के चालान किए गए हैं। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। दिसंबर 2025 में ओवरस्पीडिंग के 797, बिना हेलमेट के 1508 व शराब पीकर गाड़ी चलाने के 56 चालान किए गए।

### अवैध कट हो बंद

अतिरिक्त उपायुक्त ने सड़क बनाने वाली एजेंसियों को निर्देश दिए कि सड़कों पर बने अवैध कटों को तुरंत बंद किया जाए और टूटी हुई सड़कों व गड्ढों को 30 दिनों के भीतर ठीक किया जाए। अधिकारियों ने बैठक में बताया पिछली बैठक में मिले निर्देश अनुसार कनीना सिहोर रोड पर पेड़ों की टहनियों की कटाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं। एडीसी ने नेशनल हाईवे 152डी पर अवैध ढाबों और चाय की दुकानों को बंद करने के निर्देश दिए।

### कोताही नहीं होगी बर्दाश्त

सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए शिक्षा विभाग व आरटीए को कॉलेजों व स्कूलों में हर सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जनवरी 2026 तक 619 स्कूल बस चालकों और परिचालकों की आंखों की जांच की गई है। अतिरिक्त उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि वाहन पासिंग के दिन ड्राइवरों के लिए नियमित रूप से स्वास्थ्य व आंखों की जांच के कैंप आयोजित किए जाएं। अतिरिक्त उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिका की सही पैरवी कर जल्द लागू किया जाए कानून

# यूजीसी के समर्थन में राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

- सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिका की सही पैरवी करके नियमों को शीघ्र लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

लोकतंत्र सुरक्षा मंच पार्टी के सुप्रीमो पूर्व सांसद राजकुमार सैनी के नेतृत्व में शुक्रवार को यूजीसी के नए अधिनियम के समर्थन में प्रदर्शन किया गया। इसके बाद उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन प्रेषित करके सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिका की सही पैरवी करके नियमों को शीघ्र लागू किए जाने की मांग की गई।

ज्ञापन में लिखा कि जिला महेन्द्रगढ़ के सामाजिक, शैक्षणिक एवं संवैधानिक मूल्यों में आस्था रखने वाले नागरिक यह ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए अवगत करा रहे हैं कि हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुसूचित जातिए अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के लिए जो नियम एवं प्रावधान बनाए गए हैं, वे संविधान के अनुच्छेद 14.15 (4), 15 (5), 16 (4) तथा 46 की भावना के पूर्णतः अनुरूप है। इन नियमों का मूल उद्देश्य उच्च शिक्षा में समान अवसर, प्रतिनिधित्व एवं सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करना है। ज्ञापन में कहा गया है कि 13 जनवरी को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने समत्ता के संवर्द्धन से सम्बन्धित विनिमय 2026 लागू किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में जाति आधारित और अन्य प्रकार के भेदभाव को रोकना है। पिछले वर्षों में विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में एससी, ओबीसी समुदाय के अभ्यार्थियों के साथ भेदभाव, उत्पीड़न और असमान अवसरों से जुड़े मामलों में वृद्धि देखी गई है। इससे न केवल अभ्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हुआ, बल्कि उच्च शिक्षा की गुणवता और सामाजिक न्याय के मूल सिद्धांतों पर भी प्रश्नचिह्न लगे हैं।





**नारनौल।** सीटीएम को ज्ञापन देते पूर्व सांसद राजकुमार सैनी और लोगों को संबोधित करते पूर्व सांसद राजकुमार सैनी। फोटो: हरिभूमि

### कानून का विरोध दुर्भाग्यपूर्ण

ज्ञापन में लिखा गया है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि यूजीसी कानून कमेटी को लेकर कुछ लोग इस कानून का विरोध कर रहे हैं। यह कमेटी एससी, ओबीसी समाज के अभ्यार्थियों के लिए नौकरी व प्रमोशन में भेदभाव रोकने के लिए बनाई जा रही है। इसको लेकर कुछ लोग मिथ्या प्रचार कर रहे है कि इस कमेटी से ओबीसी के लोग व स्वर्ण समाज के लोगों को एससी एक्ट की तरह इस्तेमाल करेंगे, जबकि अभी यूजीसी कमेटी में निजी शिकायतों का कोई प्रावधान नहीं है। इसीलिए ये लोग यूजीसी कमेटी रद्द करने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए इस कमेटी में समानता व न्यायसंगत के आधार पर आधे से ज्यादा एससी, एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यक, दिव्यांग वर्ग के सदस्य शामिल किए जाएं और यूजीसी की ओर से बनाए गए शोषित हितैषी इन नियमों को बिना किसी विलंब के पूर्ण रूप से लागू किया जाए।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के सुप्रीमो पूर्व सांसद राजकुमार सैनी, प्रदेश अध्यक्ष राजेश पांचाल, सुरेश जांगड़ा, डॉ. शिवताज सिंह, राजेश चावरिया, एडवोकेट भीमसिंह दहिया, हरिसिंह भारत सैनी, ईश्वर सिंह, हितेश तोबडी, अरुण सैनी, चंदन सिंह जालवान, बिरदीचंद गोठवाल, किशनलाल लुहानीवाल, लालाराम नाहर, जयपाल सिंह, तोताराम कोहली, बलबीर बबेरवाल, शिवनारायण मोरवाल, डॉ. राजकुमार सैनी, पूर्व पार्षद बनवारी कांडा आदि सहित अनेक लोग उपस्थित थे।



**नांगल चौधरी।** पूर्व सीएम राव बिरेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते भाजपा नेता।

## भाजपा नेताओं ने राव बिरेंद्र की प्रतिमा पर किए पुष्प अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

पूर्व सीएम राव बिरेंद्र सिंह की जयंती पर भाजपा के मंडल प्रधान कर्मवीर यादव की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें पूर्व जिला प्रधान दयाराम यादव व रमेश तंवर मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में दिवंगत मुख्यमंत्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए तथा युवाओं को उनकी कार्यशैली से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और स्पष्टवादी राजनीति से ही विकास कार्यों को रफ्तार मिलती है। केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश के सीएम रहे राव बिरेंद्र ने कभी भी नैतिकता और सिद्यांतों से समझोता नहीं किया। बेबाक राजनीति करते हुए उन्होंने समूचे दक्षिण हरियाणा के विकास में योगदान दिया है। उनके सिद्यांतानुसार केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव बिना भेदभाव समान विकास करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में युवाओं को बिना पर्ची खर्ची के नौकरियां मिली हैं, साथ ही नहरी पानी का समान बंटवारा होने से दक्षिण हरियाणा को हिस्से का पानी मिल पाया है। कोरियावास मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की कक्षाएं आरंभ होने से युवाओं को राहत मिली है। इसके अलावा पटीकरा में स्थापित आयूर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में सीटें बढ़ाकर सरकार युवाओं को तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम बिरेंद्र सिंह की जीवनी से युवाओं को परदर्शिता की प्रेरणा मिलती रहेगी। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्णचंद गोठड़ी, महामंत्री सरजीत सिंह, देवीलाल आदि मौजूद रहे।

*प्रशासन सफाई कर्मियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धः डीसी*

## महेंद्रगढ़ आधिकारिक तौर पर मैनुअल स्कैवेंजिंग मुक्त घोषित

**नारनौल।** जिला महेंद्रगढ़ आधिकारिक तौर पर पूर्णतः मैनुअल स्कैवेंजिंग (हाथ से मैला ढोने की प्रथा) से मुक्त घोषित हो चुका है। इस आधिकारिक घोषणा को केंद्र सरकार के नमस्ते पोर्टल पर भी दर्ज कर दिया गया है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिशानिर्देशों तथा मैनुअल स्कैवेंजर्स के रूप में रोजगार का निषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 की पालन के फलस्वरूप महेंद्रगढ़ जिला आधिकारिक तौर पर 13 जनवरी 2025 से मैनुअल स्कैवेंजिंग मुक्त प्रमाणित हो चुका है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में किए गए व्यापक सर्वेक्षणों, स्वच्छता कर्मियों के पुनर्वास हेतु चलाए गए प्रयासों और नमस्ते पोर्टल व स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के कारण संभव हो पाई है। वर्तमान में जिले में मैनुअल स्कैवेंजिंग का कोई भी मामला मौजूद नहीं है और प्रशासन सफाई कर्मचारियों की गरिमा व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कैप्टन मनोज कुमार ने जानकारी दी कि यदि इस घोषणा के संबंध में किसी भी नागरिक को कोई आपत्ति है तो वह 15 दिनों के भीतर जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में लिखित रूप में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। उन्होंने इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग देने वाले सभी स्थानीय अधिकारियों, सफाई कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# राव बिरेंद्र सिंह की 105वीं जयंती मनाई

## स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के कार्यालय अटेली में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री राव बिरेंद्र सिंह की 105वीं जयंती पर उनके चित्र के सामने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर उन्हें याद किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के निजी सहायक विकास यादव ने किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि राव बिरेंद्र सिंह किसानों, मजदूरों व गरीबों के सच्चे हिमायती व पैरोकार थे। राव बिरेंद्र सिंह कृषि मंत्री रहते हुए किसान हित में अनेक योजनाएं लागू की गई, जिनका किसानों को आज भी लाभ फायदा मिल रहा है। राव बिरेंद्र सिंह का प्रदेश की राजनीति में अपना अलग वर्चस्व था। उन्होंने हमेशा स्वार्थ की राजनीति से ऊपर उठकर प्रदेश के विकास को महत्व दिया। आज की राजनीति में ऐसे नेताओं की कमी खलना स्वाभाविक है। उन्होंने राजनीतिक काल में सदैव किसानों और मजदूरों को खास ख्याल रखा तथा इलाके में उन्होंने जो विकास कार्य कराए वह अपने आप में मिसाल हैं, यही वजह है कि राव बिरेंद्र सिंह हरियाणा के दमदार नेता के तौर पर जाने जाते थे। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही आज उनके पुत्र केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह पूरे समाज को साथ लेकर बिना भेदभाव के कार्य कर रहे हैं। राव बिरेंद्र सिंह का जन्म 20 फरवरी 1921 को रेवाड़ी जिला के नांगल पठानी गांव में हुआ था। राव बिरेंद्र सिंह अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद सेना में कमीशन ऑफिसर बने एवं कप्तान पद पर रहते हुए उन्होंने वेतन के नाम पर केवल एक रुपया लेते थे।




**मंडी अटेली।** राव बिरेंद्र सिंह की जयंती पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर महामंत्री इंद्रजीत यादव, ग्रीवेंस कमेटी सदस्य एडवोकेट बबली यादव, पूर्व चेयरमैन विकास यादव, अटेली मार्केट कमेटी के चेयरमैन दिनेश जेलदार, वाइस चेयरमैन राधेश्याम गोयल, सतीश डीएसपी, सत्यवीर सुजापुर, कृष्ण शर्मा, विक्रम सरपंच, वाईस चेयरमैन रामकिशन जांगिड़, भूपेश गुप्ता, पार्षद अंशुल गोयल, अटेली भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार गनियार, रिंकू सरपंच, मंडल अध्यक्ष मंजीत यादव, तेजप्रकाश चंदपुरा, आईटी सेल हेमंत बेगपुर व प्रदीप आदि मौजूद रहे।

## किसानों को ड्रा के माध्यम से ट्रैक्टर पर मिलेगा अनुदान : उपायुक्त

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में शुक्रवार को लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त तरुण पावरिया की अध्यक्षता में एसबी 89 स्कीम के तहत 16 अनुसूचित जाति के किसानों का ट्रैक्टर अनुदान के लिए ड्रा के माध्यम से चयन किया गया। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप, अनुसूचित जाति के किसानों को खेती के लिए आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराने हेतु विभाग को कुल 137 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से पारदर्शिता बरतते हुए 16 लाभार्थियों का चुनाव किया गया। चयनित किसानों को 45 हॉर्स पावर या उससे अधिक के ट्रैक्टर पर 50 प्रतिशत या अधिकतम तीन लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। किसानों को अपने जरूरी कागजात 24 फरवरी तक सहायक कृषि अभियन्ता कार्यालय में जमा करवाने होंगे। किसान आठ मार्च तक अपनी पसंद के अधिकृत डीलर से ट्रैक्टर खरीद सकते हैं। 10 मार्च तक बिल, इंश्योरेंस और ट्रैक्टर के साथ फोटो पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। एडीसी तरुण पावरिया ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे और बिना किसी देरी के पात्र किसानों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि यदि कोई किसान समय पर दस्तावेज जमा नहीं कराता है, तो प्रतीक्षा सूची वाले किसानों को मौका दिया जाएगा। इस मौके पर उप कृषि निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह, सहायक कृषि अभियन्ता दिनेश शर्मा, रामसिंह बरवाला सहित कृषि विभाग के अधिकारी व प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

# हिंदू सम्मेलन में महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

- अनाज मंडी में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में आयोजित हुआ विराट सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

अनाज मंडी में सकल हिंदू समाज के तत्वाधान में सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें संघ के वरिष्ठ प्रचारक रामेश्वर सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने हिंदू समाज को सामाजिक कुरीतियां मिटाने के साथ पर्यावरण बचाने तथा पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महंत बरखा नाथ, शीतलदास, रामनरेश दास, मधूवन दास, नागायोगी वीरदेव, शिव किशोर व राधेश्याम ने भारतीय संस्कृति के अनुसरण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं में चरस, सिंथेटिक, ड्रग्स, चिट्टा, शराब का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों तक नशे की पकड़ पहुंच गई। जिससे सामाजिक स्वरूप बिगड़ने का खतरा उत्पन्न हो गया। समाधान के लिए पुलिस और आमनागरिकों को तालमेल बनाकर कार्रवाई को अंजाम देना जरूरी है। गांवों में नशा मुक्ति कमेटी का गठन करके नशा भगाओ मिशन चलाने की रूपरेखा बनानी होगी। उन्होंने लव जिहाद पर चिंता जताई, कहा कि युवाओं में संस्कारों की कमी आ गई। कार्यक्रम में सोमदत्त शर्मा संयोजक व कुमुद किशोर शर्मा को सह संयोजक की जिम्मेवारी दी गई।



**नांगल चौधरी।** हिंदू सम्मेलन में कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

## एसपी पूजा वशिष्ठ ने पुलिस पब्लिक कॉर्डिनेशन कमेटी के साथ की बैठक

# चाइनीज मांझा बेचने पर सख्त कार्रवाई और पुलिस राइडर की गश्त बढ़ाने के दिए निर्देश

आमजन से होली के पर्व को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण मनाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने व पुलिस जनता के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने अपने कार्यालय में पुलिस पब्लिक कॉर्डिनेशन कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की। इस बैठक में जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और पुलिस की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक की शुरूआत में एसपी वशिष्ठ ने पिछली बैठक में उठाए गए मुद्दों पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई का फीडबैक लिया और प्रगति की समीक्षा की। इसके पश्चात कमेटी के सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्रों की वर्तमान समस्याएं और सुझाव रखे। एसपी वशिष्ठ ने सभी बातों को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुना और विशेष रूप से चिह्नित समस्याओं का तुरंत संज्ञान लेते हुए मौके पर ही संबंधित थाना प्रभारियों व अधिकारियों को त्वरित समाधान के कड़े निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य रूप से चाइनीज मांझा बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई करने, थानों में आने वाले फरियादियों के साथ विनम्रता से पेश आने, पासपोर्ट वेरिफिकेशन करने वाले कर्मचारियों की कार्यप्रणाली और शाम के समय सार्वजनिक स्थानों व पार्कों में पुलिस राइडर की गश्त बढ़ाने को लेकर अहम निर्देश दिए गए। इसके अलावा आगामी होली के पर्व के दृष्टिगत एसपी पूजा वशिष्ठ ने सभी से इस रंगोत्सव को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि होली खुशी और सौहार्द का त्योहार है, इसलिए इसे पूरी गरिमा के साथ, बिना किसी हुड़दंग के मनाएं।



**नारनौल।** पुलिस पब्लिक कॉर्डिनेशन कमेटी की बैठक लेती एसपी पूजा वशिष्ठ।

### लोग जागरूक नागरिक की भूमिका निभाएं

बैठक के अंत में एसपी पूजा वशिष्ठ ने शांति समिति और कॉर्डिनेशन कमेटी के सदस्यों से विशेष अपील की। उन्होंने कहा कि आमजन एक जागरूक व जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं। यदि कोई भी शरारती तत्व कानून एवं शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करता है या कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आती है, तो बिना किसी देरी के तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दें, ताकि समाज में पूर्ण रूप से शांति और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### शहर में चला सघन चेकिंग अभियान

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के सख्त निर्देशों की पालना करते हुए शहर थाना पुलिस ने प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया। जिसके तहत पुलिस ने शहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दिल्ली गेट व मोहल्ला चांदुवाड़ा में विभिन्न दुकानों व गोदामों की सघन जांच की। जांच के दौरान प्रतिबंधित चाइनीज मांझा नहीं मिला। दुकानदारों को चेतावनी दी कि वे भविष्य में भी अपनी दुकानों पर किसी भी प्रकार का प्रतिबंधित मांझा न रखें और न ही बेचें।